हिन्दुस्तान
लखनऊ, गुरुवार, 1 मई 2025




केएमसी भाषा विवि साइकिल यात्रा के प्रतिभागियों प्रमाण पत्र दिए गए।

# पूर्व विद्यार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव

लखनऊ। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के होम साइंस विभाग की ओर से हुए एल्युमिनाई मीट में विवि के पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। बड़ी संख्या में एल्युमिनाई ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पुराने विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को आत्मीयता और स्मृतियों से भर दिया। आए एल्युमिनाई ने छात्रों को अपने करियर में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

# साइकिल यात्रा के प्रतिभागी सम्मानित किए गए

लखनऊ, संवाददाता। केएमसी भाषा विवि की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर हुए साइकिल यात्रा के प्रतिभागियों प्रमाण पत्र दिए गए। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने हिस्सा लेने वाले साइकिल यात्रा के प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी डॉ. रुचिता सुजॉय ने बताया कि 23 मार्च 2025 को भाषा विवि प्रांगण से साइकिल यात्रा शुरू हुई थी।

लखनऊ, 1 मई, 2025 दैनिक जागरण

# पुराने दोस्त मिले तो याद आए कैंपस के दिन

जासं • लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग ने बुधवार को एल्युमिनाई मीट का आयोजन किया। छात्र-छात्राएं जब पूर्व छात्र मिले तो पुरानी यादें ताजा हो गईं। सभी ने विश्वविद्यालय में बिताए अपने दिनों को याद किया। यह आयोजन कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन एवं विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता तथा विभागाध्यक्ष डा. तत्हीर फात्मा के नेतृत्व में हुआ। पूर्व छात्रों ने वर्तमान और अपने सहपाठियों के साथ अनुभव साझा किए।

श्रीमती सिद्धि वर्मा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ 01 MAY 2025

समाचार पत्र का दैनिक जागरण लखनऊ ............ दिनांक ....................

## पुराने दोस्त मिले तो याद आए कैंपस के दिन

[illegible]

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० हिन्दुस्तान लखनऊ ........ दिनांक 01 MAY 2025

## साईकिल यात्रा के प्रतिभागी सम्मानित किए गए

## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......हि० हिन्दुस्तान लखनऊ...................... दिनांक 01 MAY 2025



[illegible]

### पूर्व विद्यार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव

[illegible]

...संगठन ने शिक्षक पर कार्रवाई की मांग ...ी बात कही है। छात्रों के दल ने ...ेष में प्रतिकुलपति प्रो. मधुरा खन्ना से ...पति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। इसमें ...ी नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने की ...क शिक्षक की टिप्पणी से पीड़ित की अलि... ...्रदर्शन में शुभम सागवार, विराट शेखर, ... शामिल रहे। (संवाद)



शिक्षक की टिप्पणी पर प्रतिकुलपति को ज्ञापन देते छात्र। स्रोत : स्वयं

# भाषा विवि : हाइब्रिड मोड में होगा नैक मूल्यांकन

संवाद न्यूज एजेंसी

**भौतिक निरीक्षण के लिए नहीं आएगी टीम, ऑनलाइन ही दस्तावेज की जांच कर दिया जाएगा ग्रेड**

**भाषा विश्वविद्यालय में नैक के लिए दिसंबर में एसएसआर रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई थी**

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में प्रस्तावित नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) के लिए निरीक्षण हाइब्रिड (ऑनलाइन) मोड में होगा। इसके लिए टीम भौतिक निरीक्षण पर न आकर ऑनलाइन ही दस्तावेज की जांच कर विश्वविद्यालय को ग्रेड देगी।

भाषा विवि में नैक के लिए दिसंबर में एसएसआर रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई थी। फरवरी के अंतिम सप्ताह में टीम को निरीक्षण के लिए विश्वविद्यालय आना था, लेकिन विवि में नियमित कुलपति न होने व अन्य कारणों से टीम स्थलीय सत्यापन के लिए नहीं पहुंची। इस कारण अब तक विश्वविद्यालय का नैक मूल्यांकन नहीं हो सका है।



नव नियुक्त कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि नैक ने नई व्यवस्था के तहत मूल्यांकन के लिए भौतिकी के साथ हाइब्रिड मोड में निरीक्षण की वैकल्पिक सुविधा दी है। इसके लिए जल्द एसओपी जारी होगी। हम हाइब्रिड मोड मूल्यांकन का विकल्प चुन रहे हैं, जल्द निरीक्षण के लिए तिथियां नैक को भेज दी जाएंगी। इसके बाद नैक अपनी सुविधानुसार निरीक्षण की तिथि तय करेगा। प्रयास है कि जल्द मूल्यांकन हो और विश्वविद्यालय को बेहतर ग्रेड मिले। प्रो. अजय ने कहा कि नैक से संबंधित सभी प्रक्रियाएं उनकी जानकारी में पूरी की जा चुकी हैं।

अमर उजाला 7

# भाषा विवि : हाइब्रिड मोड में होगा नैक मूल्यांकन

संवाद न्यूज एजेंसी

**भौतिक निरीक्षण के लिए नहीं आएगी टीम, ऑनलाइन ही दस्तावेज की जांच कर दिया जाएगा ग्रेड**

**भाषा विश्वविद्यालय में नैक के लिए दिसंबर में एसएसआर रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई थी**

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में प्रस्तावित नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) के लिए निरीक्षण हाइब्रिड (ऑनलाइन) मोड में होगा। इसके लिए टीम भौतिक निरीक्षण पर न आकर ऑनलाइन ही दस्तावेज की जांच कर विश्वविद्यालय को ग्रेड देगी।

भाषा विवि में नैक के लिए दिसंबर में एसएसआर रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई थी। फरवरी के अंतिम सप्ताह में टीम को निरीक्षण के लिए विश्वविद्यालय आना था, लेकिन विवि में नियमित कुलपति न होने व अन्य कारणों से टीम स्थलीय सत्यापन के लिए नहीं पहुंची। इस कारण अब तक विश्वविद्यालय का नैक मूल्यांकन नहीं हो सका है।



नव नियुक्त कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि नैक ने नई व्यवस्था के तहत मूल्यांकन के लिए भौतिकी के साथ हाइब्रिड मोड में निरीक्षण की वैकल्पिक सुविधा दी है। इसके लिए जल्द एसओपी जारी होगी। हम हाइब्रिड मोड मूल्यांकन का विकल्प चुन रहे हैं, जल्द निरीक्षण के लिए तिथियां नैक को भेज दी जाएंगी। इसके बाद नैक अपनी सुविधानुसार निरीक्षण की तिथि तय करेगा। प्रयास है कि जल्द मूल्यांकन हो और विश्वविद्यालय को बेहतर ग्रेड मिले। प्रो. अजय ने कहा कि नैक से संबंधित सभी प्रक्रियाएं उनकी जानकारी में पूरी की जा चुकी हैं।

# Historians urge deeper research on 1857 unsung heroe

Times News Network

**Lucknow:** Asserting that the scores of nameless and faceless warriors who made the supreme sacrifice during the freedom movement of 1857 deserved their portion of recognition and fame, historians who gathered at UP State Archives urged researchers from different colleges and universities to delve deeper into their work and bring justice to the martyrs.

"For generations, India's war of Independence was dismissed as a revolt. It was a people's movement against invaders and intruders, which was deliberately and systematically toned down. But there is no dearth of evidence to prove that people from common walks of life were up in arms against the East India Company," said Sushil Kumar Pandey, faculty, department of history. He was one of the speakers in the State Archives' 50th anniversary programme.



A poster on display at the exhibition

Citing an example, he said: "British forces faced fierce resistance in the battle of Barabanki along the river Sai. The list of martyrs led by noble Hamid Ali included two names of sweet meat ... in the neighbouring village. People ask me how could sweets ... plunge into a battle which is known as a ... market."

Poonam Chaudhary, a faculty from the history department at Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, shed light on folk songs of UP in Khadi Boli, Bundeli, and other dialects which had umpteen stories of warriors related to the war of 1857. She urged the researchers to come forward and collaborate with them to recognise their contribution.

Prof Avinash Chandra Mishra ... and head of the faculty of arts, history department at Shakuntala Mishra Rehabilitation University, ... that history is a continuous dialogue. In the presidential address, Prof Pra... Kumar Srivastava from the department of modern history at Lucknow University highlighted that the archives is a ... repository and every re... (should) ... delving into it ... gems.

Director, State Archives, Amit ... mar Agnihotri said key attraction of the event was an exhibition on "The War of Independence", which will remain open to the public until May ...

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
लखनऊ
रविवार
3 मई 2025
05

3

# भाषा विवि में परीक्षा फार्म 10 तक भरे जाएंगे

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय सम सेमेस्टर के नियमित और बैक पेपर के विद्यार्थी समर्थ पोर्टल के जरिए अपना परीक्षा फॉर्म 10 मई तक भर सकेंगे। सम सेमेस्टर नियमित व बैक पेपर के पात्र अध्ययनरत विद्यार्थी विवि की kmclu.samarth.edu.in पर परीक्षा फॉर्म भरें।

लखनऊ | शनिवार • 03.05.2025
अमर उजाला 8

# उर्दू विभाग में छात्रों को दी विदाई

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में एमए, बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विभाग के अध्यक्ष प्रो. फखरे आलम ने कहा कि ज्ञान अर्जित करने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। विदाई समारोह में डॉ. आजम अंसारी, डॉ. मुर्तजा अतहर, डॉ. जफरून नकी, डॉ. मुनव्वर हुसैन, डॉ. सिद्धार्थ सुदीप और डॉ. मूसी रजा मौजूद रहे। ( संवाद)

# भाषा विवि सम सेमेस्टर परीक्षाएं 19 से

**लखनऊ, संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर के प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने विवि की वेबसाइट पर सूचना जारी कर जानकारी दी है। जारी प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 मई से शुरू होंगी। अलग-अलग पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं तीन जून तक चलेंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना ने बताया कि विद्यार्थी किसी भी तरह की समस्या की दशा में कार्यालय में सुझाव या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। छात्र-छात्राएं लिखित रूप से विभागाध्यक्ष के अग्रसारित पत्र के जरिए पांच मई तक परीक्षा नियंत्रक को आपत्ति दे सकते हैं।



**09** बजे सुबह से 12 बजे तक और दूसरी पाली में दो से पांच तक होंगी

**03** जून तक अलग-अलग पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं कराएगा विश्वविद्यालय

## दो शिफ्ट में होंगी परीक्षाएं

परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि सम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो शिफ्ट में संचालित होनी है। पहले शिफ्ट की परीक्षा सुबह नौ से 12 बजे तक, जबकि दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर दो से पांच बजे तक चलेंगी।

**जारी हुए इन पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम:** परीक्षा नियंत्रक की ओर से बीए, बीएससी, बीकॉम (एनईपी), बीकॉम (ऑनर्स), बीबीए (नॉन एनईपी), बीबीए (एनईपी), बीबीए, बीसीए (एनईपी), बीसीए, बीटेक, बीएड., बीफार्मा, डीफार्मा, बीएएलएलबी, एलएलबी, एमए, एम कॉम, एमबीए, एमएजेएमसी, एमसीए, एलएलएम, एमटेक समेत अन्य।

# भाषा विवि सम सेमेस्टर परीक्षाएं 19 से

**लखनऊ, संवाददाता।** केएमसी भाषा विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर के प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने विवि की वेबसाइट पर सूचना जारी कर जानकारी दी है। जारी प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 मई से शुरू होंगी। अलग-अलग पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं तीन जून तक चलेंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना ने बताया कि विद्यार्थी किसी भी तरह की समस्या की दशा में कार्यालय में सुझाव या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। छात्र-छात्राएं लिखित रूप से विभागाध्यक्ष के अग्रसारित पत्र के जरिए पांच मई तक परीक्षा नियंत्रक को आपत्ति दे सकते हैं।



**09** बजे सुबह से 12 बजे तक और दूसरी पाली में दो से पांच तक होंगी

**03** जून तक अलग-अलग पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं कराएगा विश्वविद्यालय

## दो शिफ्ट में होंगी परीक्षाएं

परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि सम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो शिफ्ट में संचालित होनी है। पहले शिफ्ट की परीक्षा सुबह नौ से 12 बजे तक, जबकि दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर दो से पांच बजे तक चलेंगी।

**जारी हुए इन पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम:** परीक्षा नियंत्रक की ओर से बीए, बीएससी, बीकॉम (एनईपी), बीकॉम (ऑनर्स), बीबीए (नॉन एनईपी), बीबीए (एनईपी), बीबीए, बीसीए (एनईपी), बीसीए, बीटेक, बीएड., बीफार्मा, डीफार्मा, बीएएलएलबी, एलएलबी, एमए, एम कॉम, एमबीए, एमएजेएमसी, एमसीए, एलएलएम, एमटेक समेत अन्य।

हिन्दुस्तान
लखनऊ, शनिवार, 3 मई 2025


कैम्पस 30s

# भाषा विवि में विदाई समारोह का आयोजन

लखनऊ। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में एमए और बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित की गई। यहां विद्यार्थियों ने अपने विचार दिए, साथ ही अपने अनुभव साझा किए। कई छात्रों ने भाषण, कव्वाली, गजल और कविताएं सुनाईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू के विभागाध्यक्ष प्रो. फखरे आलम ने की। उन्होंने कहा कि ज्ञान लेने की प्रक्रिया जीवन भर की है।

हिन्दुस्त

# भाषा विवि में विदाई समारोह का आयोजन

लखनऊ। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में एमए और बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित की गई। यहां विद्यार्थियों ने अपने विचार दिए, साथ ही अपने अनुभव साझा किए। कई छात्रों ने भाषण, कव्वाली, गजल और कविताएं सुनाईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू के विभागाध्यक्ष प्रो. फखरे आलम ने की। उन्होंने कहा कि ज्ञान लेने की प्रक्रिया जीवन भर की है।

दैनिक भास्कर
epaper.dainikbhaskarup.com
04 May 2025 - DB Lucknow 04 May 2025 (1)17

# भाषा विवि परिसर में कुलपति ने चलाया फावड़ा 'क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान' का शुभारंभ



**लखनऊ, ब्यूरो।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में नैक मूल्यांकन की युद्धस्तर तैयारियों के अंतर्गत 'क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान' का शुभारंभ हुआ। कुलपति ने स्वयं फील्ड में पहला फावड़ा चलाकर एवं पौधरोपण करके अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने स्वच्छ, हरित एवं सतत परिसर निर्माण के लिए सभी को संकल्प दिलाया। यह अभियान कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, उप कुलसचिव मो. सहील, तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रामदास, डॉ जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ मनीष कुमार, डॉ साइमा अलीम एवं डॉ. हारून रशीद की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। डॉ. नलिनी मिश्रा ने इस अवसर पर सभी से पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि श्स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है। डॉ. बुशरा अलवेरा, एएनओ एनसीसी भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

# भाषा विवि में शुरू हुआ क्लीन एंड ग्रीन कैम्पस अभियान



बिजनौर टुडे = सतवीर सिंह/ वक़ार हुसैन लखनऊ

लखनऊ । ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में नैक मूल्यांकन की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रहीं है। इसी के तहत शनिवार को क्लीन एंड ग्रीन कैम्पस अभियान की शुरुआत की गयी।

अभियान कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, उप कुलसचिव मो. सहील तथा कार्यक्रम अधिकारियों में डॉ. रामदास, डॉ जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ मनीष कुमार, डॉ साइमा अलीम एवं डॉ. हारून रशीद ने पूरा सहयोग किया। अभियान की शुरुआत करते हुए कुलपति ने स्वयं फील्ड में पहला फावड़ा चलाकर पौधरोपण किया। उन्होंने स्वच्छ, हरित एवं सतत परिसर निर्माण के लिए सभी को संकल्प दिलाया। डॉ नलिनी मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है। यह अभियान न केवल नैक मूल्यांकन की तैयारी का हिस्सा है, बल्कि यह विश्वविद्यालय समुदाय को स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक अहम कदम भी है।

# भाषा वि.वि. में क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान का शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**



लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में नैक मूल्यांकन की युद्धस्तर तैयारियों के अंतर्गत क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, उप कुलसचिव मो. सहील, तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रामदास, डॉ जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ मनीष कुमार, डॉ साइमा अलीम एवं डॉ. हारून रशीद की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. अजय तनेजा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। उद्बोधन के उपरांत कुलपति ने स्वयं फील्ड में पहला फावड़ा चलाकर एवं पौधरोपण करके अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने स्वच्छ, हरित एवं सतत परिसर निर्माण के लिए सभी को संकल्प दिलाया। डॉ. नलिनी मिश्रा ने इस अवसर पर सभी से पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है। डॉ. बुशरा अलवेरा, एएनओ एनसीसी भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही। यह अभियान न केवल नैक मूल्यांकन की तैयारी का हिस्सा है, बल्कि यह विश्वविद्यालय समुदाय को स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक अहम कदम भी है।

# भाषा विश्वविद्यालय परिसर में क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान का शुभारंभ

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में नैक मूल्यांकन की युद्धस्तर तैयारियों के अंतर्गत क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, उप कुलसचिव मो. महीन, तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रामदास, डॉ जाफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ नेता अग्रवाल, डॉ मनीष कुमार, डॉ साइमा अलीम एवं डॉ. हारून रशीद की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। उद्बोधन के उपरांत कुलपति महोदय ने स्वयं फील्ड में पहला फावड़ा चलाकर एवं पौधरोपण करके अभियान की औपचारिक



शुरुआत की। उन्होंने स्वच्छ, हरित एवं सतत परिसर निर्माण के लिए सभी को संकल्प दिलाया। डॉ. नलिनी मिश्रा ने इस अवसर पर सभी से पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है। डॉ. बुशरा अलवेरा, एएनओ एनसीसी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। यह अभियान न केवल नैक मूल्यांकन की तैयारी का हिस्सा है, बल्कि यह विश्वविद्यालय समुदाय को स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक अहम कदम भी है।

# क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान शुरू

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन के लिए शनिवार को क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान शुरू हुआ। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने अभियान का शुभारंभ करते हुए परिसर में साफ-सफाई की। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और विवि के शिक्षकों व अधिकारियों ने भी अभियान में हिस्सा लिया। कुलपति ने कैंपस को हरित परिसर बनाने का संकल्प दिलाया। कुलसचिव महेश कुमार, उपकुलसचिव मो. सहील, डॉ. नलिनी मिश्रा आदि की उपस्थिति रही। (संवाद)

# भाषा विश्वविद्यालय परिसर में 'क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान' का शुभारंभ





सज्जाद बाक़र
सिटीजन वॉयस,
संवाददाता
लखनऊ

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में नैक मूल्यांकन की युद्धस्तर तैयारियों के अंतर्गत 'क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अभियान' का शुभारंभ हुआ। यह अभियान माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व और राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, उप कुलसचिव मो. सहील, तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रामदास, डॉ जफरुन नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ मनीष कुमार, डॉ साइमा अलीम एवं डॉ. हारून रशीद की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

उद्बोधन के उपरांत कुलपति महोदय ने स्वयं फील्ड में पहला फावड़ा चलाकर एवं पौधरोपण करके अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने स्वच्छ, हरित एवं सतत परिसर निर्माण के लिए सभी को संकल्प दिलाया। डॉ. नलिनी मिश्रा ने इस अवसर पर सभी से पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि -स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है। डॉ. बुशरा अल्वेरा, एएनओ एनसीसी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

यह अभियान न केवल नैक मूल्यांकन की तैयारी का हिस्सा है, बल्कि यह विश्वविद्यालय समुदाय को स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली की ओर प्रेरित करने की दिशा में एक अहम कदम भी है।

हिन्दुस्तान
लखनऊ, सोमवार, 5 मई 2025


कैम्पस 30s



भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित हुआ।

# भाषा विवि के छात्रों ने यादें ताजा कीं

लखनऊ। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में पूर्व छात्रों ने अपनी यादें साझा कीं, साथ ही अपने सहपाठियों से मुलाकात करते हुए, शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया क्षेत्र से जुड़े पूर्व छात्रों ने वर्तमान विद्यार्थियों से अपने व्यावसायिक अनुभवों को बताया। इस मौके पर डॉ. रुचिता, डॉ. काजिम, डॉ. शचींद्र आदि मौजूद रहे।

# भाषा विवि के छात्रों को बस के किराये में छूट की तैयारी

## नामांकन बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुरू किया प्रयास

# भाषा विवि में हुआ थायराइड शिविर का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय और एबट मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड के सहयोग से विश्वविद्यालय मे निःशुल्क थायराइड जांच शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर का उदघाटन माननीय कुलपति महोदय प्रो. अजय तनेजा द्वारा किया गया। थायराइड शिविर में 103 ब्लड सैंपल थायराइड जांच के लिए एकत्र किए गये जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, विद्यार्थियों के अभिभावक,आचार्य एवं कर्मचारी शामिल हुए। भेषजी संकाय की निदेशिका प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में थायराइड की सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं में देखने को मिल रही है इसके दृष्टिगत स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य थायरॉइड के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था एवं भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर के सफल आयोजन में फार्मेसी संकाय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

amarujala.com/lucknow

लखनऊ | बृहस्पतिवार • 08.05.2025

my city

अमर उजाला



# भाषा विवि : परीक्षा के लिए 10 तक भरें फॉर्म

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 मई तय की गई है।

परीक्षा नियंत्रक भावना मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया है कि जिन्होंने अबतक परीक्षा फॉर्म नहीं भरा है वह इसे भर दें। इसके अलावा जो छात्र विश्वविद्यालय में अध्ययनरत नहीं हैं और उनकी किसी विषय में बैक है तो वह ऑफलाइन फॉर्म भरने के लिए परीक्षा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

किसी समस्या वह परीक्षा विभाग में प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। उधर, विवि ने सम सेमेस्टर के लिए प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इस पर सोमवार तक आपत्तियां मांगी गई थीं। परीक्षा विभाग ने प्राप्त सभी आपत्तियों का निस्तारण कर दिया है। इसी सप्ताह में अंतिम कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। (संवाद)

दैनिक जागरण
लखनऊ, 8 मई, 2025
www.jagran.com

# भाषा विश्वविद्यालय :19 से परीक्षाएं फाइनल समय सारिणी जारी

जागरण संवाददाता • लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 की स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए फाइनल समय सारिणी बुधवार को जारी कर दी। यह परीक्षाएं 19 मई से तीन जून तक आयोजित की जाएंगी।

परीक्षा नियंत्रक डा. भावना मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने पांच मई तक प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम पर पांच मई तक आपत्ति मांगी थी। इस दौरान छात्र-छात्राओं की जो भी समस्याएं आईं, उनका निस्तारण कर समय सारिणी में संशोधन करते हुए जारी कर दी गई है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://kmclu.ac.in के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि के बाद विद्यार्थी के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। प्रथम पाली का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। स्नातक व परास्नातक के करीब 24 पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं में 4469 छात्र-छात्राएं शामिल होने के लिए पंजीकृत हैं। नियमित व बैक पेपर सम सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म भरने के लिए 10 मई तक समय निर्धारित है। विद्यार्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से इसे भर सकते हैं। जो छात्र-छात्राएं इस समय अध्ययनरत नहीं हैं, लेकिन उनकी सम सेमेस्टर परीक्षाओं में कोई बैक पेपर परीक्षा शेष है, वे आफलाइन फार्म भरने के लिए परीक्षा कार्यालय से संपर्क करें।

**10 मई तक भरे जा सकेंगे आनलाइन परीक्षा फार्म, फिर जारी होंगे प्रवेश पत्र**

## एकेटीयू : कालेजों से मांगी डिटेंड विद्यार्थियों की सूची

जासं • लखनऊ : डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने कालेजों से सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले ऐसे रेगुलर छात्र-छात्राओं की सूची मांगी है, जिन्हें कालेज स्तर पर विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अनुसार (डिटेंड) रोका गया है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया ने कालेजों को पत्र जारी कर आठ मई को दोपहर दो बजे तक विद्यार्थियों की सूची मांगी है।

भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं छात्र

# समसेमेस्टर परीक्षा फार्म 10 तक भरें

**फैसला**

लखनऊ, संवाददाता। केएमसी भाषा विवि में शैक्षिक सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 मई तय की गई है।

परीक्षा नियंत्रक भावना मिश्रा ने पत्र जारी करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया है कि जिन्होंने अब तक परीक्षा फॉर्म नहीं भरा है वह अवश्य फॉर्म भर दें।

इसके अलावा जो छात्र विश्वविद्यालय में अध्ययनरत नहीं है और उनकी किसी विषय में बैक है तो वह ऑफलाइन भरने के लिए परीक्षा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



## प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम तय

भाषा विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर के लिए परीक्षा का प्रस्तावित शेड्यूल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। इस पर सोमवार तक आपत्तियां मांगी गई थीं। परीक्षा विभाग ने प्राप्त सभी आपत्तियों का निस्तारण कर दिया है। इसी सप्ताह अंतिम कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही किसी तरह की समस्या आने पर वह परीक्षा विभाग में प्रार्थना पत्र दे सकते हैं।

# 37 विषयों के साथ सीयूईटी यूजी का 13 मई से तीन जून तक आयोजन

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) यूजी-2025 का आयोजन 13 मई से तीन जून तक होगा। पहले ये परीक्षा की तिथियां आठ मई से 1 जून तक घोषित की गई थी, लेकिन एनटीए इन तिथियों पर परीक्षा आयोजित नहीं कर सका।

प्रेम गुरु सह संस्थापक रीना बाजपेयी ने बताया कि एनटीए ने इंटीमेशन स्लिप भी जारी कर दी है। सीयूईटी कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) और कुछ विषयों के लिए पेन-पेपर (ओएमआर) मोड में आयोजित की जाएगी। परीक्षा 13 भाषाओं में 37 विषयों और एक सामान्य योग्यता परीक्षण (जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट) के लिए होगी। प्रत्येक पाली 60 मिनट की होगी, जो पहले 45 मिनट की होती थी। सीयूईटी से लखनऊ के बीबीएयू, डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश होंगे। इसके साथ ही डीयू, बीएचयू समेत तमाम नामी संस्थानों में होंगे।

## सीयूईटी पीजी के नतीजे जारी

सीयूईटी पीजी के परिणाम एनटीए ने जारी कर दिए हैं। प्राथमिकता वाले विश्वविद्यालयों में रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह में शुरू हो जाएंगे। पीजी में प्रवेश के लिए परीक्षा 13 मार्च से 01 अप्रैल तक हुई थी।

# कुलपति बोले



सेना ने एक बार फिर साबित किया है कि यदि भारत की अस्मिता, अखंडता और शांति को भंग करेगा तो उन्हें उनके घर में घुस कर मारने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। -**प्रो आलोक राय**, कुलपति, एलयू



मुझे व्यक्तिगत रूप से बेहद खुशी है। मेरे पिता सेना में रहे हैं। सेना ने कभी निराश नहीं किया है। उनका कार्य सराहनीय है। सेना को सैल्यूट। अभिनंदन। - **प्रोफेसर जेपी पांडेय**, कुलपति, एकेटीयू



जब भारत की राष्ट्रीय अस्मिता पर खतरा मंडराया, भारतीय सेना ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' माताओं, बहू बेटियों को समर्पित है। **आचार्य संजय सिंह**, कुलपति, पुनर्वास विवि



सेना की कार्रवाई काबिल ए तारीफ है। जवानों ने बिना लोगों को नुकसान पहुंचाए आतंकी ठिकानों को टारगेट बनाया। यह दिखाता है कि कैसे आतंकवाद से निपटें। **प्रो. अजय तनेजा**, कुलपति, भाषा विश्वविद्यालय

दैनिक जागरण
लखनऊ, 8 मई, 2025
www.jagran.com

# भाषा विश्वविद्यालय :19 से परीक्षाएं फाइनल समय सारिणी जारी

जागरण संवाददाता • लखनऊ : ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 की स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए फाइनल समय सारिणी बुधवार को जारी कर दी। यह परीक्षाएं 19 मई से तीन जून तक आयोजित की जाएंगी।

परीक्षा नियंत्रक डा. भावना मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने पांच मई तक प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम पर पांच मई तक आपत्ति मांगी थी। इस दौरान छात्र-छात्राओं की जो भी समस्याएं आईं, उनका निस्तारण कर समय सारिणी में संशोधन करते हुए जारी कर दी गई है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://kmclu.ac.in के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि के बाद विद्यार्थी के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। प्रथम पाली का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। स्नातक व परास्नातक के करीब 24 पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं में 4469 छात्र-छात्राएं शामिल होने के लिए पंजीकृत हैं। नियमित व बैक पेपर समस्त सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म भरने के लिए 10 मई तक समय निर्धारित है। विद्यार्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से इसे भर सकते हैं। जो छात्र-छात्राएं इस समय अध्ययनरत नहीं हैं, लेकिन उनकी सम सेमेस्टर परीक्षाओं में कोई बैक पेपर परीक्षा शेष है, वे आफलाइन फार्म भरने के लिए परीक्षा कार्यालय से संपर्क करें।

**10** मई तक भरे जा सकेंगे आनलाइन परीक्षा फार्म, फिर जारी होंगे प्रवेश पत्र

## एकेटीयू : कालेजों से मांगी डिटेंड विद्यार्थियों की सूची

जासं • लखनऊ : डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने कालेजों से सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले ऐसे रेगुलर छात्र-छात्राओं की सूची मांगी है, जिन्हें कालेज स्तर पर विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अनुसार (डिटेंड) रोका गया है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया ने कालेजों को पत्र जारी कर आठ मई को दोपहर दो बजे तक विद्यार्थियों की सूची मांगी है।

को दोनों को शुभकामनाएं दीं।

# दीपांशु मिस्टर, महजबी बनीं मिस फेयरवेल

जासं • लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में गुरुवार को जूनियर्स विद्यार्थियों ने सीनियर्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को गुलाब देकर स्वागत किया। दोनों ने ही मनमोहक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में दीपांशु को मिस्टर फेयरवेल और महजबी को मिस फेयरवेल चुना गया।

अंकुश गुप्ता को मिस्टर आल राउंडर और नमरा रफत को मिस आल राउंडर का खिताब दिया गया। बेस्ट आउटफिट के लिए उमर और नून चुने गए। फिरोज और मनतशा रनर अप रहे। कार्यक्रम का संचालन अदिति सिंह और निसा ने किया। कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सैय्यद हैदर अली ने विद्यार्थियों से कहा, आपकी सफलता की अभी शुरुआत है। आप अपने लक्ष्य को अडिग रहने दें। वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र बताया। डा. नीरज शुक्ल ने कहा कि आपको कभी भी हम लोगों की जरूरत महसूस हो तो हम आपके साथ चौबीस घंटे खड़े होंगे।



महजबी और दीपांशु • विश्वविद्यालय

# केएमसी में दिपांशु मिस्टर, मिस फेयरवेल महजबी

लखनऊ। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। विदाई समारोह में जूनियर्स छात्रों ने अपने सीनियर्स को गुलाब देकर स्वागत किया। साथ ही जूनियर तथा सीनियर दोनों ही मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की। दीपांशु को मिस्टर फेयरवेल व महजबी को मिस फेयरवल चुना गया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# सीनियर छात्रों को दी विदाई

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन  किया। इसमें सीनियर्स को गुलाब देकर सम्मानित किया गया। जूनियर व सीनियर छात्रों ने मिलकर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डीन वाणिज्य संकाय प्रो. सैय्यद हैदर अली ने कहा कि आपकी सफलता की अभी शुरुआत है, आप अपने लक्ष्य पर अडिग रहें। विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने छात्रों से कहा कि एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो। कार्यक्रम के समापन पर दीपांशु को मिस्टर फेयरवेल व महजबी को मिस फेयरवेल चुना गया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। (संवाद)

# वीसी ने सीएम से की मुलाकात



लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री से विवि के विविध आयामों और लक्ष्यों के बारे में चर्चा की। साथ ही विवि में प्रस्तावित नैक मूल्यांकन के संबंध में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री से कुलपति की मुलाकात संबंधी जानकारी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की गई। (संवाद)

# उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भाषा विवि को मिली एम्बुलेंस





**सज्जाद बाक़र**
सिटीजन वॉयस,
संवाददाता
लखनऊ

लखनऊ ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एक एम्बुलेंस प्रदान की गई है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के अथक प्रयासों का परिणाम है। चिकित्सा एम्बुलेंस छात्रों, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रोफेसर अजय तनेजा ने सरकार से विशेष अनुरोध किया था, जिसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय को एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस गिफ्ट की है। यह एम्बुलेंस विश्वविद्यालय परिसर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी।

कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने इस अवसर पर सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा, "यह एम्बुलेंस न केवल आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान करेगी, बल्कि यह विश्वविद्यालय के समग्र विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में भी विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों एवं कर्मचारियों के हित में इस प्रकार के प्रयास करता रहेगा इस अवसर पर डॉ राजकुमार सिंह, डॉ मनीष कुमार, डॉ कौशलेंद्र, डॉ नीरज शुक्ल, डॉ नलिनी मिश्र एवं डॉ बुशरा अलवेरा उपस्थित रहे ।

# भाषा विवि : नए सत्र में मिलेगा ओपन जिम

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र में ओपन जिम की सुविधा मिलेगी। विवि परिसर में जिम की स्थापना की जा रही है। ओपन जिम में उपयोग की जाने वाली सभी मशीनें लगाने का काम किया जा रहा है जो अपने अंतिम चरण में हैं। भाषा विवि में ओपन जिम के अलावा इंडोर जिम्नेजियम भी है, जिसका अलग भवन है। इसमें छात्रों की प्रैक्टिस के लिए तमाम आधुनिक मशीनें भी लगी हैं। ओपन जिम की स्थापना फिट इंडिया मूवमेंट के क्रम में की जा रही है।

इसके लिए राज्य सरकार ने अनुदान दिया है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि ओपन जिम होने से विवि के छात्रों को काफी लाभ होगा। इससे वह शिक्षा के साथ ही शारीरिक दक्षता में खुद को निखारने का काम करेंगे। हम जल्द इसका उद्घाटन कर इसे छात्रों को समर्पित करेंगे। भाषा विवि को शनिवार को राज्य सरकार से एक एंबुलेंस मिली। इससे किसी भी चिकित्सीय आवश्यकता में छात्रों को उपलब्ध हो सकेगी। (संवाद)

# भाषा विवि : नए सत्र में मिलेगा ओपन जिम

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र में ओपन जिम की सुविधा मिलेगी। विवि परिसर में जिम की स्थापना की जा रही है। ओपन जिम में उपयोग की जाने वाली सभी मशीनें लगाने का काम किया जा रहा है जो अपने अंतिम चरण में है। भाषा विवि में ओपन जिम के अलावा इंडोर जिम्नेजियम भी है, जिसका अलग भवन है। इसमें छात्रों की प्रैक्टिस के लिए लगभग आधुनिक मशीनें भी लगी हैं। ओपन जिम की स्थापना फिट इंडिया मूवमेंट के क्रम में की जा रही है।

इसके लिए राज्य सरकार ने अनुदान दिया है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि ओपन जिम होने से विवि के छात्रों को काफी लाभ होगा। इससे वह शिक्षा के साथ ही शारीरिक सेहत में खुद को निखारने का काम करेंगे। हम जल्द इसका उद्घाटन कर इसे छात्रों को समर्पित करेंगे। भाषा विवि को परिसर को राज्य सरकार से एक एंबुलेंस मिली। इससे किसी भी चिकित्सीय आवश्यकता में छात्रों को उपलब्ध हो सकेगी। (संवाद)

हिन्दुस्तान
लखनऊ, रविवार, 11 मई 2025
09

कैम्पस 30s

# भाषा विवि को मिली एंबुलेंस की सुविधा

लखनऊ। यूपी सरकार ने केएमसी भाषा विश्वविद्यालय को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक एम्बुलेंस प्रदान की है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने छात्रों, शिक्षकों और सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य व सुरक्षा के मद्देनजर शासन से अनुरोध किया था। इसके बाद विवि को एम्बुलेंस मिली है। इस मौके पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सरकार के प्रति आभार जताया।

# उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भाषा विवि को मिली एम्बुलेंस

देव केसरी/सज्जाद बाकर जैदी



लखनऊ ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एक एम्बुलेंस प्रदान की गई है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के अथक प्रयासों का परिणाम है।चिकित्सा एम्बुलेंस छात्रों, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रोफेसर अजय तनेजा ने सरकार से विशेष अनुरोध किया था, जिसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय को एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस गिफ्ट की है। यह एम्बुलेंस विश्वविद्यालय परिसर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी।कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने इस अवसर पर सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा, यह एम्बुलेंस न केवल आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान करेगी, बल्कि यह विश्वविद्यालय के समग्र विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।भविष्य में भी विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों एवं कर्मचारियों के हित में इस प्रकार के प्रयास करता रहेगा। इस अवसर पर डॉ राजकुमार सिंह, डॉ मनीष कुमार, डॉ कौशलेंद्र, डॉ नीरज शुक्ल, डॉ नलिनी मिश्र एवं डॉ बुशरा अलवेरा उपस्थित रहे ।

# Chishti univ to get 1st NAAC grading

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Khwaja Moinuddin Chisti Language University is set to receive its first ever National Assessment Accreditation Council grade this year. The university has submitted successfully its self study report and the NAAC team will now undertake a hybrid assessment, combining online and physical visits this month.



Newly appointed VC Prof **Ajay Taneja**, with over three decades of academic experience, said the university was fully prepared for the visit and final evaluation. "Our University had submitted the SSR report in Jul last year and subsequent step of data validation and verification was completed," said vice-chancellor Prof Ajay Taneja. He added, We were anticipating the on campus physical inspection by the NAAC team at any time. Due to changes in accreditation rule book, the evaluating body has now decided to assess universities before May 30 via a hybrid mode inspection.

He mentioned having joined on Apr 26 this year, and that he was inspecting all preparations closely. Various teams have been formed for campus beautification, cleanliness, academic research presentation and other tasks and they were shouldering their responsibilities diligently.

# नैक मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय मे नैक मूल्यांकन की तैयारियो के तहत रविवार को कुलपति प्रो . अजय तनेजा द्वारा विभिन्न विभागों के प्रस्तुतिकरणो की समीक्षा की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक स्तर पर चल रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संकाय सदस्यों को गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

# समीक्षा बैठक कर देखी नैक की तैयारियां

जासं, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने रविवार को नैक मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें विभिन्न विभागों के प्रस्तुतिकरण को देखा गया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक स्तर पर चल रही तैयारियों की सराहना करते सभी संकाय सदस्यों को गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि नैक मूल्यांकन न केवल एक प्रक्रिया है, बल्कि यह संस्थान की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्ता की पहचान भी है। सभी विभागों ने जो कार्य प्रस्तुत किया है, वह सराहनीय है। इस अवसर पर नैक समन्वयक प्रो. सौबान सईद, प्रो. चंदाना डे और प्रो. सैयद हैदर अली सहित कई वरिष्ठ शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केएमसीयू : सात कोर्सों में प्रवेश परीक्षा से दाखिले, सिलेबस जारी

जासं • लखनऊ : भाषा विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के सात पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। इनमें बीसीए, बी.टेक, बी.टेक बायोटेक्नोलाजी, डीफार्म व बीफार्म, बीबीए, एमबीए, एमसीए कोर्स शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा का सिलेबस विश्वविद्यालय ने सिलेबस वेबसाइट https://kmclu.ac.in/ पर अपलोड कर दिया गया है। प्रश्न पत्रों को सेक्शन के अनुसार विभाजित किया गया है। अभ्यर्थी इसे डाउनलोड करके तैयारी कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रत्येक कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। इसमें 50 प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक सही उत्तर पर दो अंक दिए जाएंगे। कोई भी निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

amarujala.com/lucknow
my city
लखनऊ | मंगलवार • 13.05.2025
अमर उजाला


# भाषा विवि : 19 से शुरू होंगी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 19 मई से होगी। प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम में आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक भावना मिश्रा ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है।

परीक्षा विभाग के पत्र के मुताबिक विद्यार्थी विवि की वेबसाइट kmclu.ac.in पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देखने के साथ डाउनलोड कर सकते हैं। सम सेमेस्टर परीक्षा का समापन तीन जून को होगा। सभी परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र परीक्षा के 24 घंटे पहले जारी कर दिया जाएगा। इस संबंध में किसी तरह की समस्या आने पर छात्र परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकेंगे।

लखनऊ, 13 मई, 2025 दैनिक जागरण

# केएमसीयू : सात कोर्सों में प्रवेश परीक्षा से दाखिले, सिलेबस जारी

जासं • लखनऊ : भाषा विश्वविद्यालय ने सत्र 2025–26 के सात पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। इनमें बीसीए, बी.टेक, बी.टेक बायोटेक्नोलाजी, डीफार्म व बीफार्म, बीबीए, एमबीए, एमसीए कोर्स शामिल है। प्रवेश परीक्षा का सिलेबस विश्वविद्यालय ने सिलेबस वेबसाइट https://kmclu.ac.in/ पर अपलोड कर दिया गया है। प्रश्न पत्रों को सेक्शन के अनुसार विभातित किया गया है। अभ्यर्थी इसे डाउनलोड करके तैयारी कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रत्येक कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। इसमें 50 प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक सही उत्तर पर दो अंक दिए जाएंगे। कोई भी निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

my city | अमर उजाला

# नशे से बचने को किया जागरूक

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि ने नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ी है। सोमवार को विवि में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अफसर डॉ. मुर्तजा अली ने छात्रों से कहा कि उन्हें नशा और मादक पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए, जिससे हम सभी स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकें। प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि नोडल अफसर होने के नाते डॉ. मुर्तजा आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। (संवाद)

# विश्वविद्यालय परिसर में पेड़ों को मिला नया डिजिटल पहचानपत्र क्यूआर कोड से जानिए हर पेड़ की कहानी



# विश्वविद्यालय परिसर में पेड़ों को मिला नया डिजिटल पहचानपत्र क्यूआर कोड से जानिए हर पेड़ की कहानी

